हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 30 .6 डिग्री
न्यूनतम 14 .5 डिग्री

11 टैलेंट सर्च कार्यक्रम में छात्रों ने किया शानदार ...


12 उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ छठ पर्व


## खबर संक्षेप

### डॉ. बृजेंद्र सिंह ढिल्लो डायरेक्टर नियुक्त



**रोहतक।** हरियाणा सरकार ने पीजीआई अस्पताल प्रशासन विभाग के प्रमुख और वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ बिजेंद्र सिंह ढिल्लो को नारनौल में स्थित महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज गांव कोरियावास का निदेशक नियुक्त किया है। इस कॉलेज का निर्माण लगभग (725) करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। इस कॉलेज में 800 बेड का अस्पताल है, जिसकी ओपीडी सेवाएं 1 मई से शुरू हो गई थीं। डॉ. ढिल्लो मूल रूप से महेंद्रगढ़ के गांव देरोली जाट के रहने वाले हैं। उन्होंने पीजीआईएमएस रोहतक से 1995 में एमबीबीएस किया।

### आईटीआईः दाखिला की अंतिम तिथि 5 नवंबर

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 में दाखिले लेने के लिए इच्छुक आवेदकों के लिए ऑन-दा-स्पॉट दाखिला आवेदन की अन्तिम तिथि (केवल एससीवीटी व्यवसायों के लिए) 5 नवम्बर 2025 निर्धारित है। दाखिला आवेदन करने के लिए यह अन्तिम अवसर है।उन्होंने बताया कि जिला के हसनगढ़ स्थित आई.टी.आई. में चल रहे एससीवीटी के 10 व्यवसायों में कुल 134 सीटें रिक्त हैं। इच्छुक छात्र/छात्राएं इस दौरान राजकीय आईटीआई हसनगढ़ में आकर हैल्पडेस्क पर दाखिले के लिए निःशुल्क आवेदन कर इन व्यवसायों में दाखिला ले सकते हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कई कार्यक्रम आज

**महम।** हाल ही में बहरीन में आयोजित किए गए एशियन कबड्डी गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में जगह जगह सम्मान समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार 29 अक्टूबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली इन कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बलवंत सिंह नरवाल ने बताया कि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सुबह साढ़े दस बजे लाखन माजरा में पहुंचेंगे। उसके बाद दोपहर साढे. 12 बजे वे रिंढाणा गांव के खेल स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचेंगे।

### 1.37 लाख की ठगी का मामला सुलझा, आरोपी धरा

**रोहतक।** पुलिस की साइबर थाना टीम ने टास्क पूरा करने के नाम पर की गई 1 लाख 37 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले में गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की गहन जांच जारी है। थाना साइबर प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई शिकायतकर्ता अजय निवासी काठमंडी की शिकायत के आधार पर की गई। अजय ने शिकायत दी थी कि 4 मई 2025 को उनके पास एक अज्ञात नंबर से संदेश आया, जिसमें उन्हें "होटल व रेस्टोरेंट की रेटिंग देने" के बदले पैसे कमाने का लालच दिया गया।

### पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी का भव्य एवं शानदार आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर रहे थे। देश की एकता और अखंडता को समर्पित इस दौड़ में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# फसल बीमा योजना की ये हकीकत, जिले की मात्र 1.6 प्रतिशत जमीन ही दायरे में

## खरीफ 2023 में तो एक प्रतिशत जमीन ही किसानों ने करवाई थी इंश्योर्ड

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मुताबिक रोहतक जिले का कुल रकबा 4,12,436 एकड़ है। इसमें 80 प्रतिशत में खेती की जाती है। यानी तकरीबन 3, 30,000 में। इस एरिया में से कोई ये जानना चाहे कि कितने रकबे की फसलों को किसान बीमित करवाते हैं। आप ये जानकार हैरत में होंगे कि रबी 2024-25 में कुल खेती योग्य रकबे में से 5377 एकड़ का ही बीमा करवाया गया। प्रतिशतता के हिसाब से देखें तो ये 1.6 ही बनता है। यहां ये भी जान लें कि सरकार द्वारा लगातार फसल बीमा योजना को फायदेमंद कहा जाता है कि ये किसानों के लिए लाभदायक है।



### मनमर्जी कर रही हैं कंपनियां

एक-दो बार जिस किसान ने फसल का बीमा करवा लिया और फिर उसकी फसल खराब हो जाती है तो, वह दोबारा से बीमा करवाता नहीं है। इसका सीधा-सीधा कारण है कि बीमा कंपनियां किसानों को नुकसान की पूरी भरपाई नहीं करती है। एक एकड़ की पूरी फसल बर्बाद हो जाए तो भी आठ-दस हजार रुपये ही मुआवजा दिया जाता है।

### निर्धारित मानदंडों के मुताबिक भुगतान नहीं किया जा रहा

सरकार ने बीमा के दायरे में आने वाली अलग-अलग फसल का कितना-कितना भुगतान कितने प्रतिशत फसल खराब होने पर बीमा कंपनी को करना होगा, यह सब कुछ तय किया हुआ है। लेकिन सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के मुताबिक भुगतान नहीं किया जा रहा है। और इसी वजह से किसानों ने फसल बीमा स्कीम से पूरी तरह से दूरियां बना ली हैं। इसकी तसदीक सरकारी आंकड़े कर रहे हैं।

### बीमा योजना का लाभ किसानों की बजाय बीमा कंपनियों को मिल रहा

बीमा योजना का लाभ किसानों की बजाय बीमा कंपनियों को मिल रहा है। बीमा कंपनियों ने पूरी तरह से लूट मचाई हुई है। कंपनियां मनमर्जी न करें, इसको रोकने वाला इस प्रदेश में कोई है नहीं।
-**सुमित दलाल**, महा सचिव किसान सभा हरियाणा

### क्या कहते हैं आंकड़े

पिछले छह साल के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के आंकड़ों पर ध्यान डाला जाए तो फसल बीमा योजना की हकीकत अपने आप ही सामने आ जाएगी। स्कीम का लाभ लेने वाले किसानों की संख्या का प्रतिशत सीजन दर सीजन कम हो रहा है। खरीफ 2019 में जहां ये प्रतिशता 7.1 थी, वहीं रबी 2024-25 में 1.6 प्रतिशत रह गई। कहने का मतलब ये है कि छह साल में 5.5 प्रतिशत अंकों की गिरावट आ गई। खरीफ 2023 में केवल 1 प्रतिशत रकबा ही इंश्योर्ड था। यहां ये भी ध्यान रहे कि संशोधित फसल बीमा योजना के लागू होने के बाद रकबा प्रतिशत केवल 7.1 था। उदाहरण के तौर पर किसी गांव में अगर 100 एकड़ जमीन है तो उसमें केवल 7 एकड़ का ही किसानों ने बीमा करवाया।

| सीजन | रकबा एकड़ में | प्रतिशत में |
| --- | --- | --- |
| खरीफ 2019 | 23661 | 7.1 |
| रबी 2019-20 | 21325 | 6.4 |
| खरीफ 2020 | 22582 | 6.8 |
| रबी 2021-21 | 16728 | 5.06 |
| खरीफ 2021 | 15397 | 4.6 |
| रबी 2021-22 | 12638 | 3.8 |
| खरीफ 2022 | 11725 | 3.5 |
| रबी 2022-23 | 11172 | 3.3 |
| खरीफ 2023 | 3312 | 1.0 |
| रबी 2023-24 | 4531 | 1.3 |
| खरीफ 2024 | 5062 | 1.5 |
| रबी 2024-25 | 4572 | 1.6 |

### स्कीम का लाभ लेना किसानों के लिए विकल्प

स्कीम का लाभ लेना किसानों को एक विकल्प के रूप में दिया गया है। किसान की मर्जी होती है कि वह अपनी फसल का बीमा करवाए या नहीं। साल 2019 में धान को स्कीम से बाहर कर दिया गया है। जबकि रोहतक जिले में सबसे धान की पैदावार होती है। अगर सरकार धान की बीमा नहीं करवाएगी तो फिर किसान गेहूं का भी नहीं करवाता। -**सुरेंद्र मलिक**,उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक

**कार्रवाई से हड़कंप :** अतिक्रमण करने वालों पर नगर निगम का डंडा

# 2.5 एकड़ भूमि एवं गांधी कैम्प मार्केट से हटवाया गया कब्जा

## नगर निगम की टीम अतिक्रमण के विरुद्ध सख्ती से कर रही है कार्य

*नगर निगम की जमीन पर किए हुए अवैध कब्जे को स्वयं हटा ले अन्यथा नगर निगम द्वारा कब्जे को हटवाया जाएगा। कब्जा हटाने में लगने वाला हर्जा-खर्चा भी सम्बन्धित से वसूला जाएगा जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम ने गांव सुनारियां में स्थित निगम की लगभग 2.5 एकड़ भूमि से कब्जा हटवाया गया। इस बारे कब्जाधरियों को पूर्व नोटिस जारी किए गए थे कि वे निगम की भूमि से स्वयं कब्जा हटा ले अन्यथा निगम द्वारा हटाया जाएगा। मंगलवार नगर निगम की टीम द्वारा भू-अधिकारी संदीप बतरा की देख-रेख एवं डयूटी मजिस्ट्रेट नगर अभियंता तुरूण कुमार की निगरानी में भूमि को निगम के कब्जे में लिया गया है। इस कार्य में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग का भी सहयोग लिया गया ताकि कार्यवाही के दौरान किसी प्रकार का वाद-विवाद उत्पन्न न हो। निगम द्वारा निगम क्षेत्र में निगम की भूमि की डीमार्केशन का कार्य किया जा रहा है। भू-अधिकारी नगर निगम, को निर्देश दिए जा चुके है कि निगम क्षेत्र में निगम की भूमि की जल्द से जल्द डीमार्केशन करवाई जाए ताकि उन पर कब्जा कार्रवाई की जा सके। इसलिए आमजन को सूचित किया जाता है कि नगर निगम की जमीन पर किए हुए अवैध कब्जे को स्वयं हटा ले।



### 20 दुकानों का सामान जब्त

भू-अधिकारी संदीप बतरा की निगरानी में गांधी कैम्प मार्केट से भी अतिक्रमण हटवाया गया। 20 दुकानदारों का अवैध रूप से रखा गया सामान जब्त किया गया। कब्जा कार्यवाही हटवाने के दौरान बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट नगर अभियंता तुरूण कुमार, भू-अधिकारी संदीप बतरा, रेवेन्यू सलाहकार प्रमेश कुमार व एन्फोर्समेंट टीम एवं पुलिस बल आदि उपस्थित रहे।

### अब रोज चलेंगे अभियान

बताया कि नगर निगम की टीम बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरूद्ध भी सख्ती से कार्य कर रही है। एक दिन पहले किला रोड, रेलवे रोड, भिवानी स्टैंड आदि के बाजारों में कब्जा हटवाया गया था। उन्होंने बताया कि बाजारों में रोजाना अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाए जाएंगे।
-**डॉ आनंद कुमार शर्मा निगम आयुक्त**


## खरावड़ में ढाबा, गांधरा में 2 फैक्ट्री व एक ढाबा तथा सांपला में ऑफिस तोड़ा





**रोहतक।** जिला प्रशासन द्वारा रोहतक व सांपला के नियन्त्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों/कालोनियों को गिराने के लिए अभियान चलाया गया। इसके तहत गांव खरावड़ में 1 ढाबा, गांव गांधरा में 2 फैक्ट्री व 1 ढाबा तथा गांव-सांपला में एक ऑफिस को तोड़ा गया। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर अवैध निर्माण/कॉलोनी को गिराने का अभियान चलाया जाता है। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले स्थानीय सेक्टर-1 स्थित उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।

## सड़क पर वाहनों की लगी कतार



**रोहतक।** हादसे के बाद आईएमटी चैक के नजदीक लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

कार ने भक्तों से भरे ऑटो को मारी टक्कर

# आधा दर्जन भक्त घायल कार चालक की पिटाई सड़क पर लगा जाम

दिल्ली रोड पर आईएमटी चौक से पहले हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मंगलवार देर रात आईएमटी स्थित बालाजी मंदिर के दर्शन करने के लिए जा रहे श्रद्धालुओं का ऑटो हादसे का शिकार हो गया। रोहतक-भालौठ मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को पीजीआई अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।



### घायलों को पीजीआई भेजा गया

घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर पीजीआई रोहतक भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार, छह लोग घायल हुए हैं जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### पीटे जाने से कार चालक गंभीर घायल

घटना के बाद गुस्साए लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। देखते ही देखते सड़क पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ और मौके पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह भीड़ को शांत कराया।

## महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या सीढ़ियों की ग्रिल से लटका मिला शव



**रोहतक।** एकता कॉलोनी में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 55 वर्षीय महिला ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान सरोजी देवी पत्नी नाथू सिंह के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम (एफएसएल) को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस के अनुसार, घटना देर रात की है जब परिवार के अन्य सदस्य घर में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि सरोजी देवी ने सीढ़ियों की ग्रिल से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। जब काफी देर तक वह दिखाई नहीं दीं तो परिवार के सदस्यों ने तलाश की और उन्हें लटका हुआ पाया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने फिलहाल केस दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है और मृतका के परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।
-**मंजू जांच अधिकारी**, शिवाजी कॉलोनी थाना

**उद्घाटन** खेल स्टेडियम एवं विकास परियोजना का नारियल तोड़कर हुआ शुभारंभ

# युवाओं के लिए 11.5 एकड़ में आधुनिक सुविधाओं से लैस अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर मिलेगा

## करीब 7 करोड़ रुपये की लागत आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम द्वारा युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेलों को नई दिशा देने के उद्देश्य से बोहर क्षेत्र में आधुनिक खेल स्टेडियम विकास परियोजना का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इसमें मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने नारियल तोड़कर परियोजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, वार्ड सदस्य मनीषा, कृष्णा, सुशील नांदल, प्रवीन कौशिक, मनोनित सदस्य रमेश बोहर तथा नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



यह परियोजना रोहतक के युवाओं के लिए नई ऊर्जा और अवसरों का प्रतीक है। खेल के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, फिटनेस और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सशक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम रोहतक की यह पहल खेल, स्वास्थ्य और युवा कल्याण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। यह स्टेडियम न केवल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण का मंच देगा बल्कि रोहतक को हरियाणा का प्रमुख खेल केंद्र बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

इस परियोजना का कार्य नगर निगम के कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, सहायक अभियंता शांत सुहाग, कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़ और विशाल खेड़ा की देखरेख में किया जाएगा।

### रोहतक के खेल क्षेत्र की नई पहचान बनेगा

यह स्टेडियम लगभग 11.5 एकड़ भूमि में बनाया जा रहा है, जिस पर करीब 7 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह अत्याधुनिक खेल परिसर रोहतक के खेल क्षेत्र की नई पहचान बनेगा। परिसर में दो हॉकी ग्राउंड बनाए जाएंगे, जिनमें एक एस्ट्रो टर्फ और एक ग्रास कोर्ट होगा।

### मल्टीपर्पज हॉल में होंगे इंडोर गेम्स

स्टेडियम परिसर में एक विशाल मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें टेबल टेनिस, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती और कबड्डी जैसी इनडोर खेल गतिविधियों की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही दो लॉन टेनिस कोर्ट और दर्शकों के लिए दर्शक दीर्घा का निर्माण भी किया जाएगा ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों को बेहतर अनुभव मिल सके।


### खेलों को नई दिशा देगा स्टेडियम

मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के लिए प्रेरित करना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं देना है। उन्होंने कहा कि बोहर का यह स्टेडियम न केवल रोहतक के खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्रीय स्तर के खेल आयोजनों और प्रतियोगिताओं का भी प्रमुख स्थल बनेगा। उन्होंने बताया कि यह परियोजना नगर निगम की उस व्यापक सोच का हिस्सा है जिसके तहत रोहतक को स्वच्छ, सशक्त और खेलों के क्षेत्र में अग्रणी शहर बनाना लक्ष्य है।



# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।



लाइफ Style

# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक


**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

## टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।'बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।



# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



## रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा'ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट'की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर'का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### अब तक 19481.70 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला की मंडियों में अब तक 19481.70 मीट्रिक टन धान तथा 5373.40 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की गई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया है कि वे अपनी फसलों को अच्छी तरह साफ करके एवं सुखाकर मंडियों में लायें ताकि फसल बिक्री में सुविधा हो। किसान फसलों के अवशेषों को आग न लगाये बल्कि इनका उचित प्रबंधन करें। फसल अवशेष जलाने वालों के विरूद्घ तीन तरह की कार्रवाई की जाएगी।



### एमडीयू यूथ रेड क्रॉस समिति की वार्षिक बैठक

**रोहतक।** युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्वों से जोड़ने और विश्वविद्यालय की जनसेवी पहलों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में आज कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में यूनिवर्सिटी यूथ रेड क्रॉस समिति की 14वीं वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एमडीयू यूथ रेड क्रॉस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की एक सशक्त प्रेरक शक्ति है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी में मानवीय संवेदनाएं, सेवा भावना और सामाजिक दायित्व की चेतना विकसित करना है।

### मतदान के लिए विवि पहचान पत्र अनिवार्य

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के वार्षिक चुनाव के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी एसपी राठी ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकारी समिति सदस्यों के उम्मीदवारों और मतदाताओं को सूचित किया है कि आगामी 30 अक्टूबर को होने वाले मतदान में मतदाताओं को मतदान केंद्र पर विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी भौतिक पहचान पत्र या विश्वविद्यालय के कर्मचारी एप पर उपलब्ध डिजिटल पहचान पत्र दोनों में से कोई भी मान्य होगा। जिन कर्मचारियों के पास इनमें से कोई भी पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है, उन्हें सलाह दी गई है कि वे समय रहते अपना अस्थायी पहचान पत्र जारी करवाएं। अस्थायी पहचान पत्र में कर्मचारी का पासपोर्ट आकार का सत्यापित फोटोग्राफ, नाम, पिता का नाम, कर्मचारी संख्या, निवास स्थान का पता तथा वर्तमान शाखा, कार्यालय या विभाग का पूरा विवरण अनिवार्य रूप से शामिल होना चाहिए। यह अस्थायी पहचान पत्र स्थापना शाखा द्वारा जारी किया जाएगा।

## एमडीयू में दिखाई दिया बहुमुखी हुनर का संगम

# टैलेंट सर्च कार्यक्रम में छात्रों ने किया शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन

- कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया
- छात्रों के शानदार करतबों को सभी ने की सराहना

टैलेंट सर्च कार्यक्रम सराहना और प्रेरणा के संदेश के साथ संपन्न हुआ, विवि सृजनात्मकता, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और छात्रों के समग्र विकास को निरंतर प्रोत्साहित करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत छात्र कल्याण कार्यालय (डीएसडब्ल्यू) की ओर से आज टैलेंट सर्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों की बहुमुखी प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और संस्थानों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संगीत, नृत्य, नाट्य, साहित्यिक एवं ललित कला जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह पहल कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के दूरदर्शी मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिन्होंने स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में ऐसे आयोजनों की परिकल्पना की थी ताकि छात्रों को अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिल सके। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि टैलेंट सर्च कार्यक्रम केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा और अभिव्यक्ति का उत्सव है।



रोहतक। अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### भारी संख्या में छात्रों की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की

प्रो. सपना गर्ग ने कहा कि एमडीयू सदैव समग्र विकास में विश्वास रखता है, जहाँ शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रमिक गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है। डिप्टी डीन छात्र कल्याण प्रो. सोनू देहमीवाल ने भारी संख्या में छात्रों की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके जोश और प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने छात्रों से नवगठित छात्र क्लबों से जुड़ने का आह्वान किया और बताया कि ये क्लब नेतृत्व, रचनात्मकता और टीम भावना को विकसित करने के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेंगे। डॉ. देहमीवाल ने निर्णायकों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने निष्पक्ष मूल्यांकन के माध्यम से विश्वविद्यालय के श्रेष्ठ प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान में योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन डीएसडब्ल्यू कार्यालय के स्टाफ और छात्र स्वयंसेवकों के सहयोग से अत्यंत सफलतापूर्वक किया गया। नरेश अहलावत ने मंच संचालन का दायित्व बखूबी निभाया और पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों का उत्साह बनाए रखा।

# आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मदिवस पर 51 कुण्डीय विश्वशान्ति यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड में आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर 51 कुण्डीय विश्वशांति यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन यज्ञ में विद्यालय की कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यज्ञ का संचालन विद्यालय के धर्मशिक्षक अभय कुमार एवं बृजकिशोर के ब्रह्मत्व में पूर्ण श्रद्धा और वैदिक विधि से सम्पन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य शंकर लाल ने इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों का हार्दिक धन्यवाद करते हुए यज्ञ की महिमा का वर्णन किया।



रोहतक। हवन यज्ञ में आहुति डालते आर्यसमाजी। फोटो : हरिभूमि

### घर-घर यज्ञ हो यही हमारी हार्दिक अभिलाषा

प्रचार्य ने कहा कि डीएवी कॉलेज प्रबन्धकर्ता समिति के प्रधान पद्मश्री पूनम सूरीके प्रेरणादायी मार्गदर्शन से ही यह शुभ अवसर संभव हो सका है। प्रधान पूनम सूरी का संदेश उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि घर-घर यज्ञ हो यही हमारी हार्दिक अभिलाषा है। प्राचार्य शंकर लाल ने यह भी घोषणा की कि यदि कोई अभिभावक अपने क्षेत्र में यज्ञ करवाने की इच्छा व्यक्त करेगा तो विद्यालय का आर्य समाज विभाग वहां जाकर यज्ञ सम्पन्न करवाएगा।

## आईबी स्कूल के छात्र रुद्र का शानदार प्रदर्शन, अंडर-11 टेबल टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल में किया प्रवेश



**रोहतक।** आईबी स्कूल के कक्षा तृतीय के छात्र रुद्र ने अंडर-11 (बालक वर्ग) की जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में अपना स्थान सुनिश्चित किया। यह प्रतियोगिता राजकीय महिला महाविद्यालय, में आयोजित की जा रही है। रुद्र के इस शानदार प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। विद्यालय के चेयरमैन अमरजीत सिंह, एडमिन डायरेक्टर डॉ. अजीत सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर एसबी राठी तथा प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने रुद्र को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।



### सैनी कॉलेज में आयोजित किया हेल्थ चेकअप कैंप

**रोहतक।** सैनी सह-शिक्षा कॉलेज में स्वास्थ्य जांच (हेल्थ चेक-अप) कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. भीम सिंह पवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. पवार ने सिविल अस्पताल, रोहतक से आई स्वास्थ्य जांच टीम का स्वागत करते हुए कहा कि छात्राओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि वे बेहतर जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में जंक फूड के प्रति बढ़ती रुचि चिंताजनक है, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उप-प्राचार्या डॉ. सरिता यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित योग और व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षण स्टाफ में प्रो. सुनीता सैनी, कविता, आशा, निशा, पिंकी, दीपिका, नीलम कुमारी, गीतिका, टीना, नीतू, सीमा, साक्षी, कमलेश सहित समस्त गैर-शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा।

# हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होगा कार्यक्रमः गजेंद्र

हरियाणा दिवस उत्सव का आयोजन 1 से 3 नवम्बर तक पंचकूला स्थित सेक्टर 5 के यवनिका मैदान में भव्य रूप से किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार द्वारा राज्य की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस उत्सव का आयोजन आगामी 1 से 3 नवम्बर, 2025 तक पंचकूला स्थित सेक्टर 5 के यवनिका मैदान में भव्य रूप से किया जाएगा। इस तीन दिवसीय उत्सव का उद्घाटन राज्यपाल असीम कुमार घोष द्वारा किया जाएगा, वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस मौके पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर राज्य के

**पूरे हरियाणा की वैभवशाली परम्परा को एक स्थान पर ही दिखाया जाएगा**

मंत्रीगण, वरिष्ठ अधिकारी, कलाकार तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी रोहतक में मीडिया को देते हुए मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रचार व कला परिषद निदेशक गजेंद्र फौगाट ने बताया कि ये अपनी तरह का अनूठा व पहला आयोजन होगा। जिसमें पूरे हरियाणा की वैभवशाली परम्परा को एक स्थान पर दिखाया जाएगा। फौगाट ने बताया कि उत्सव के दौरान प्रदेशभर के महाविद्यालयों से प्रतिभागी छात्र-छात्राएं समूह नृत्य एवं रागनी प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को लाखों रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार एक लाख का रहेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विजेताओं को 3 नवम्बर को पुरस्कार देने पुनः पधारेंगे।

### अतिथियों का ढोल नंगाड़ों से होगा स्वागत

कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश करने वाले अतिथियों एवं नागरिकों का स्वागत बीन, नगाड़े, टुम्बे, ढोल और अन्य लोक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों से किया जाएगा। पूरा परिसर लोक संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरेगा। यह तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस उत्सव हरियाणा की गौरवशाली परंपराओं, लोककला और संस्कृति को नई ऊर्जा के साथ प्रदर्शित करेगा तथा प्रदेशवासियों के लिए आनंद और गर्व का अवसर बनेगा।

### कॉलेजों को किया गया आमंत्रित

फौगाट ने बताया कि प्रदेश का कोई भी सरकारी/प्राइवेट कॉलेज इस आयोजन में भाग लेकर अपने छात्र-छात्राओं को गीत/रागनी/समूह नृत्य प्रतियोगिता में भेज सकता है। इसके लिए लिंक **https://artandcul-turalaffairshry.gov.in/state-level-haryanvi-traditional-folk-song-ragini-competition/** पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा ऑफलाईन भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। यूथ फेस्टिवल के ही नियम इस प्रतियोगिता में लागू होंगे। प्रतियोगिता में एक कॉलेज से एक ही टीम समूह नृत्य व गायन में भाग ले सकेगी। इस दौरान जिला लोक सम्पर्क अधिकारी संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से कथा में भावविभोर हुए श्रद्धालु : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वामी परमानन्द धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में गढ़ी मोहल्ला स्थित खटीक मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के पंचम दिवस पर गोवर्धन पूजा एवं श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन हुआ। कथा व्यास आचार्य देवशरण महाराज (गोवर्धन वाले) ने कहा कि जब मनुष्य अपने अहंकार को त्याग कर ईश्वर की शरण में आता है, तभी जीवन में सच्ची शांति मिलती है। महाराज श्री ने कहा कि इंद्र के मान मर्दन की



कथा हमें सिखाती है कि अहंकार चाहे देवताओं में भी क्यों न आ जाए, उसका अंत निश्चित होता है। श्रीकृष्ण ने बाल्यावस्था में गोवर्धन पर्वत उठाकर यह संदेश दिया कि प्रकृति और प्राणियों की रक्षा ही सच्ची पूजा है।

### ये रहे मौजूद

श्रीमद्भागवत कथा केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला सन्देश है। कथा का संचालन पं. विजय कुमार शर्मा (वृंदावन वाले) एवं पं. रमाशंकर दीक्षित के संयोजन में हुआ। इस मौके पर बिजेन्द्र जैन, पं. मोहन अत्री राम मन्दिर, कुसुम देवी, सरला दुआ, पुष्पा देवी, मधु शर्मा, पं. गौरव सूरौठिया, धनवीर तौमर, गोलू, हेमंत लवांनिया, पं. ओमकार शर्मा, लोकेश पुनिया, पं. माधव दीक्षित, हेमराज, भतेरी, उषा खन्ना, रजनी, उर्मिला, वर्षा, पूजा, निशा, आरती मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को बैंक योजनाओं की दी जानकारी

- केनरा बैंक कलानौर शाखा द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केनरा बैंक कलानौर शाखा द्वारा गांव आंवल में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु के उप महाप्रबंधक मनीष कुमार रहे। उन्होंने बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक, केनरा बैंक के






अतुल बंसल ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा निष्क्रिय खातों के पुनर्सक्रियण से संबंधित जानकारी अत्यंत सरल भाषा में दी। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सुना और सराहा।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आंवल के सरपंच सुंदर तथा अग्रणी जिला प्रबंधक महावीर प्रसाद ने भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई और बैंक के इस प्रयास की सराहना की। अंत में, शाखा प्रबंधक ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया और बताया कि केनरा बैंक समय-समय पर ऐसे जनहितकारी व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहता है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग बैंकिंग सेवाओं से जुड़ सकें और योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

# एमपीएचडब्ल्यू की ऑनलाइन काम छोड़ हड़ताल से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमपीएचडब्ल्यू की ऑनलाइन काम छोड़ हड़ताल से आमजन की परेशानियां बढ़ गई हैं। ऑनलाइन एंट्री न होने के चलते गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन के बाद आरसीएच नंबर नहीं मिल पाया। जिले में अल्ट्रासाउंड के लिए आरसीएच नंबर जरूरी किया गया है। बहुउददेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के जिला प्रधान विनोद हुड्डा ने बताया की एमपीएचडब्ल्यू कर्मियों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे कई तरह के ऑनलाइन एप कार्यक्रमों एंट्री नही की। स्वास्थ्यकर्मियों ने साफ चेताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नही होती ऑनलाइन काम का बहिष्कार किया जाएगा। ऑनलाइन काम के बहिष्कार की जानकारी बहुउददेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन द्वारा पहले ही स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर स्वास्थ्य विभाग को करवा दी थी।

### पोर्टलों पर कार्य ठप कर दिए हैं : संदीप गोस्वामी

एसोसिएशन के जिला सचिव संदीप गोस्वामी ने कहा कि पूर्व नोटिस अनुसार 25 अक्टूबर शनिवार से ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों पर कार्य ठप कर दिया है। सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेही तय किए बगैर सारा ऑनलाइन कार्य एमपीएचडब्ल्यू वर्ग के कंधों पर डाल दिया गया था। एसोसिएशन के जिला सचिव संदीप गोस्वामी ने बताया कि जब तक सरकार द्वारा पहले नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेही तय नही की जाती, अतिरिक्त कार्य के लिए मानव संसाधन ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं की जाती व जरूरी संसाधन लैपटॉप एटैबलेट व इंटरनेट की सुविधा नहीं दी जाती जिले में ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों का बहिष्कार जारी रहेगा और आमजन को होने वाली परेशानी की पूर्ण जिम्मेदारी सरकार एवं विभाग की होगी।

### इन ऑनलाइन एप पर काम करते हैं एमपीएचडब्ल्यू

एमपीएचडब्ल्यू वर्ग अनमोल, निश्चय, एमसीडी, निरोगी हरियाणा, यूविन, एनीमिया मुक्त भारत, आईएचआईपी, आशा पे एप और आभा कार्ड जनरेशन जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में अलग-अलग कर्मचारियों की नियुक्ति के बावजूद रिपोर्टिंग और डेटा अपलोड करते हैं। अनमोल एप पर गर्भवती का डाटा डाला जाता है। इसके बाद उसका रजिस्ट्रेशन होता है। रजिस्ट्रेशन के बाद ही आरसीएच नंबर जारी होता है। जिससे उसका अल्ट्रासाउंड हो पाता है। बिना आरसीएच नंबर के अल्ट्रासाउंड पर बैन है। यूवीन यूवीन के माध्यम से बच्चों के टीकों को ऑनलाइन किया जाता है। इसमें बच्चे को टीका लगने से पहले और बाद में अभिभावक के मोबाइल नंबर पर जानकारी भेजी जाती है ताकि बच्चे किसी तरह के टीके से वंचित न रहें। आभा कार्ड के माध्यम से मरीज की जानकारी फीड की जाती है ताकि उसे बार-बार जानकारी दर्ज न करवानी पड़े। सीडी के माध्यम से बीपी, शुगर व अन्य बीमारियों की जानकारी फीड की जाती है। इसकी भी एमपीएचडब्ल्यू ने एंट्री बंद कर दी है।

## डीएलसी सुपवा में बॉलीवुड डिजाइनर मोहित बजाज ने किया मार्गदर्शन

# फैशन प्रदर्शनी में छात्रों की सोच का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) के डिज़ाइन संकाय के फैशन विभाग ने मंगलवार को फैशन स्टाइलिंग पर एक प्रेरणादायक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी का मार्गदर्शन बॉलीवुड के प्रसिद्ध कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर और फैशन स्टाइलिस्ट मोहित बजाज ने किया। कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और पेशेवर सोच का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शनी फैशन स्टाइलिंग मॉड्यूल के पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन थी, जिसमें छात्रों ने फैशन की नई अवधारणाओं को आधुनिक नजरिए के साथ प्रस्तुत किया।

डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता को उद्योग के अनुभव से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को न केवल आत्मविश्वास देते हैं, बल्कि उन्हें फैशन की वास्तविक दुनिया में अपनी पहचान बनाने की दृष्टि भी प्रदान करते हैं। रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक ने कहा कि यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के रचनात्मक वातावरण और अंत विषयक शिक्षा प्रणाली को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच न केवल छात्रों की प्रतिभा को सामने लाते हैं, बल्कि उन्हें कल्पनाशीलता और मौलिकता से सोचने की प्रेरणा भी देते हैं। डिज़ाइन संकाय प्रमुख डॉ. शैली खन्ना ने कहा कि उद्योग जगत के मार्गदर्शन और मौलिक रचनात्मकता का संगम ही इस प्रदर्शनी की सफलता का आधार है।



रोहतक। कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं व बॉलीवुड डिजाइनर मोहित बजाज।

### मोहित बजाज ने कई पहलुओं पर दिया प्रशिक्षण

बॉलीवुड की कई प्रसिद्ध फिल्मों और प्रस्तुतियों के लिए स्टाइलिंग कर चुके मेंटर मोहित बजाज ने छात्रों को डिजाइन के भावनात्मक और कथात्मक पहलुओं को समझने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि स्टाइलिंग केवल कपड़े चुनने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह भावनाओं को दृश्य रूप में प्रस्तुत करने की कला है। डिज़ाइन तभी प्रभावी बनता है जब उसमें कहानी और संवेदना दोनों झलकें। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे रचनात्मकता और कहानी कहने की सटीकता के बीच संतुलन बनाए रखें।

### विद्यार्थियों ने डिजाइनिंग के सिद्धांत को समझा

यह आयोजन भारतीय फैशन के मूल सिद्धांतों और आधुनिक दृष्टिकोण का सुंदर मिश्रण प्रस्तुत करता है। प्रदर्शनी में छात्रों ने पहचान, संस्कृति और सौंदर्यशास्त्र की व्यक्तिगत व्याख्याओं को अपने डिजाइन और प्रस्तुति के माध्यम से व्यक्त किया। उन्होंने मूड बोर्ड, विषयगत परिधान और अवधारणा-आधारित स्टाइलिंग प्रोजेक्ट्स के जरिए बताया कि किस तरह उभरते डिजाइनर भारत के फैशन परिदृश्य को एक नई दिशा दे रहे हैं। प्रदर्शनी में शोध, रचनात्मक अन्वेषण और वास्तविक फैशन संवेदनशीलता का सुंदर समावेश दिखाई दिया। यह प्रदर्शनी फैशन स्टाइलिंग मॉड्यूल के पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन थी, जिसमें छात्रों ने फैशन की नई अवधारणाओं को आधुनिक नजरिए के साथ प्रस्तुत किया। जिसमें छात्रों ने फैशन की नई अवधारणाओं को आधुनिक नजरिए के साथ प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप



### एक दिवसीय शिविर में स्वास्थ्य जांच की

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की तरफ से एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य रजनेश देवी के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या जी ने सभी स्वयं सेवकों को शिविर की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्जव भविष्य की कामना की। विद्यालय में सरकारी अस्पताल की टीम द्वारा सभी स्वयं सेवकों का स्वास्थ्य जांच परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य टीम परीक्षण में डॉ कविता कार्यक्रम अधिकारी पुष्पा ने बताया कि विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के ग्यारवीं और बारहवीं के 100 स्वयं सेवकों ने भाग लिया।



### कार्टूनिंग पर व्याख्यान सह प्रदर्शन का आयोजन

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा महिला प्रकोष्ठ के सहयोग से मंगलवार को कार्टूनिंग पर व्याख्यान सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कार्टूनिंग कला से परिचित कराना और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोनिया डागर ने छात्राओं को कार्टूनिंग की मूल बातें सिखाईं और अपने व्याख्यान में इस कला के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर चर्चा की।

### श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से दानपत्र चोरी



**रोहतक।** गुरु नानक पूरा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर एक बार फिर चोरी हुई है। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे अज्ञात व्यक्ति मंदिर से दानपात्र चोरी कर ले गया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। आरोपी ने हरे रंग की शर्ट, नीली जींस और चप्पल पहन रखी थी। मंदिर के पुजारी महेश चंद ने बताया कि जैसे ही उन्हें मंदिर में संदिग्ध गतिविधि का पता चला, उन्होंने तुरंत मंदिर समिति के प्रधान ओमप्रकाश आहूजा और सेवा समिति के सदस्य जतिन भाटिया को सूचना दी। सूचना के बाद चौकी इंचार्ज टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

## व्रतियों ने खोला 36 घंटे से रखा उपवास, उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ छठ पर्व

# भालौठ सब ब्रांच और गोकर्ण सरोवर पर श्रद्धालुओं का सैलाब

**छठ मैया की पूजा कर व्रती श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि की मन्नत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सूर्य उपासना के महापर्व छठ की आस्था मंगलवार सुबह अपने चरम पर रही, जब हजारों श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटे के कठोर निर्जला व्रत का समापन किया। रोहतक में पूर्वांचल समाज की ओर से इस पावन पर्व का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया।

भालौठ सब ब्रांच नहर और गौकर्ण सरोवर पर बनाए गए भव्य घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूर्वांचल सेवा समिति और पूर्वांचल एकता सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष भी छठ पर्व को पूरी परंपरा और श्रद्धा के साथ मनाया गया। आयोजन की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं। रविवार को नहाय-खाय के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद सोमवार को खरना संपन्न हुआ। इस अवसर पर व्रती महिलाओं ने प्रसाद स्वरूप गुड़-चावल की खीर और रोटी ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। सोमवार शाम को डूबते सूर्य को अर्घ देकर व्रतियों ने सूर्य भगवान की आराधना की और मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन किया।



रोहतक। गौकर्ण डेरा पर छठ पूजा मनाते बाबा कपिल पुरी महाराज व श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। सरोवर के घाटों पर श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### आस्था और त्याग का पर्व

छठ महापर्व महिलाओं के त्याग और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखने वाली महिलाओं ने अपने पुत्रों और पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए छठ मइया से प्रार्थना की। इस अवसर पर गीत "केलवा जेकर पात पर, उगले सूरज देव" और "छठ मइया तोहर महिमा अपार" जैसे भजनों ने पूरे माहौल को भक्ति से भर दिया। व्रतियों ने कहा कि छठ पर्व केवल पूजा नहीं, बल्कि आत्मसंयम, अनुशासन और शुद्धता का उत्सव है। यह पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान और जल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।



रोहतक। छठ पर्व में नहर पर पूजा करते विधायक भारत भूषण बतरा व श्रद्धालु।

## मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक भारत भूषण बतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

भालौठ सब ब्रांच नहर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विधायक भारत भूषण बतरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

विधायक ने इस अवसर पर पूर्वांचल समाज को छठ पर्व की बधाई दी और कहा कि यह पर्व सूर्य देव की उपासना के साथ-साथ सामाजिक एकता, अनुशासन और स्वच्छता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल समाज ने अपनी संस्कृति और परंपराओं से रोहतक जैसे हरियाणवी क्षेत्र में भी एकता और सद्भाव की मिसाल कायम की है। इस अवसर पर उनके साथ नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के भतीजे बिल्लू हुड्डा, कांग्रेस शहरी प्रधान कुलदीप केडी, सूरजमल किलोई, सेवादल के प्रधान विजय ठेकेदार , पूर्वांचल एकता सेवा समिति के संरक्षक संजय कुमार, राज सिंह पटेल ,ओंकार नाथ मौर्या, प्रधान संजीव सिंह महासचिव दिनेश सिंह और पप्पू सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### भव्यता और अनुशासन से सजा घाट क्षेत्र

छठ पूजा के पवित्र अवसर पर पूर्वांचल सेवा समिति के स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने घाटों की सजावट के लिए दिन-रात मेहनत की। भालौठ सब ब्रांच व गौकर्ण सरोवर पर विशेष सजावट की गई, जहां दीपों की पंक्तियां और केले के पेड़ों से सजे मंडप श्रद्धालुओं की आस्था को और भी प्रगाढ़ बना रहे थे। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा सामग्री से भरी टोकरी लेकर घाटों पर पहुंचीं। चारों ओर छठ मइया के जयकारे, भजन और ढोल-मंजीरों की ध्वनि गूंजती रही। घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने सूर्य भगवान को जल अर्पित करते हुए अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना की। वातावरण पूरी तरह भक्ति और आस्था से ओतप्रोत था। महिलाएं सिर पर प्रसाद से भरी सूप रखे घाट के पानी में खड़ी होकर अर्घ्य दे रही थीं।

### एनडीआरएफ और पुलिस प्रशासन की रही चाक-चौबंद व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। भालौठ सब ब्रांच नहर और गौकर्ण सरोवर के घाटों पर एनडीआरएफ की टीम तैनात रही। वहीं, फायर ब्रिगेड और पुलिस बल ने भी लगातार गश्त की। रोहतक नगर निगम और जिला प्रशासन की ओर से घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई थी। पूर्वांचल सेवा समिति के सदस्यों अनिल चौबे, मनोज यादव, विजय प्रसाद, राकेश मिश्र और सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि छठ पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि यह पर्यावरण और स्वच्छता का भी संदेश देता है।

## विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र की कार्यप्रणाली व भविष्य की संभावनाओं पर जानकारी दी



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता एनआईआईटी गुरुग्राम से मनोज कश्यप।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

■ राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में मंगलवार को प्लेसमेंट सेल द्वारा एनआईआईटी गुरुग्राम के सहयोग से एक्सिस बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 61 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 19 विद्यार्थी पासआउट तथा अन्य महाविद्यालयों से भी शामिल हुए। एनआईआईटी गुरुग्राम से मनोज कश्यप एवं उनकी टीम ने प्लेसमेंट सेल के साथ मिलकर एक चर्चात्मक सत्र आयोजित किया, जिसमें विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र की कार्यप्रणाली, करियर अवसरों एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सत्र के पश्चात विद्यार्थियों के व्यक्तिगत साक्षात्कार लिए गए, जिनमें लगभग 20 विद्यार्थियों ने पहले चरण में क्वालीफाई किया। इन विद्यार्थियों का अगली प्रक्रिया के लिए पंजीकरण किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय की प्लेसमेंट काउंसिल ने सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। इस अवसर पर डॉ. संकेत एवं डॉ. पुष्प दीप डागर ने विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने प्लेसमेंट ड्राइव के सफल आयोजन पर प्लेसमेंट सेल को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बार एसोसिएशन में न्यायाधीशों का विदाई व स्वागत समारोह

**रोहतक।** जिला बार एसोसिएशन के सभागार में गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारियों के विदाई एवं स्वागत का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व चेयरमैन एवं वर्तमान सदस्य डॉ. विजेंदर अहलावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन ने की। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा, महासचिव राजकरण पंघाल, उपप्रधान अजय ओहलान, संयुक्त सचिव डिम्पल अरोड़ा एवं पुस्तकालय प्रभारी अनिल रोहिल्ला सहित अधिवक्ता एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राज गुप्ता (जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पलवल), विवेक यादव एडीजे, औद्योगिक न्यायाधिकरण-सह-श्रम न्यायालय एवं पीयूष गखड़ सिविल जज, पलवल को फूलों के गुलदस्ते, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं लाइव प्लांट भेंट कर सम्मानित किया गया।

### डॉ. विजेंदर अहलावत ने सभी का स्वागत किया

डॉ. विजेंदर अहलावत ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायपालिका और बार का संबंध हमेशा परस्पर सहयोग और सम्मान पर आधारित रहा है। उन्होंने विधिक बिरादरी के अनुशासन और एकता को न्यायिक व्यवस्था की मजबूती का आधार बताया। नीरजा कुलवंत कलसन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया और राज गुप्ता के साथ अपने कार्यकाल के दौरान साझा किए गए स्मरणीय क्षणों को उपस्थितजनों से साझा किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर विधिक परिवार के बीच सौहार्द और प्रेरणा का भाव जगाते हैं। प्रधान दीपक हुड्डा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि बार और बेंच के बीच आपसी सहयोग न्याय की नींव को मजबूत करता है। वहीं महासचिव राजकरण पंघाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और सभी उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। समारोह में पीयूष गखड़ ने भी भावुक शब्दों में रोहतक बार एवं बेंच के साथ अपने जुड़ाव के अनुभव साझा किए, जिससे उपस्थित सदस्यों में आत्मीयता का वातावरण बन गया।




### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आजाद सिंह अत्री, जगदीश राठी, दीपक चाहल, सुरेन्द्र कुमार लौरा, प्रवीन कुमार गुलिया, संदीप कुमार राठी, अनिल कुमार शर्मा, रवि कांत कौशिक, सतीश कुमार तंवर, विनोद कौशिक, बलवान सिंह सरोहा, रमेश कुमार अत्री, सुमित लौरा, रजनीश हुड्डा, अशोक दलाल, निर्मल सिंह, जितेन्द्र कुमार, जलवीर सिंह फौगाट, देवेंद्र कुमार सैनी, जितेन्द्र बल्हरा, कुशल कुंडू, वरुण कौशिक, विनीत दहिया, ओम प्रकाश पुनिया, प्रदीप मलिक, नरेंद्र प्रताप शर्मा, पुनीत पुनिया, दीपक अरोड़ा, संदीप कुमार, रामचंदर दलाल, सोनू शर्मा, दीपक सहरावत मौजूद रहे।

## पुलिस ने छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी

**रोहतक।** जिला पुलिस द्वारा अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में स्कूली छात्र-छात्राओं और आमजन को साइबर अपराध पर रोक लगाने व साइबर अपराधों के तरीके बारे जागरूक किया गया। यह अभियान राष्ट्रीय एकता सुरक्षा, नशा मुक्ति और साइबर जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किया गया। थाना आईएमटी, कलानौर व बहुअकबरपुर की पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों में जाकर छात्रों को जागरूक किया। थाना कलानौर की टीम ने डीएवी स्कूल में तथा थाना बहुअकबरपुर की टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी।

## शोधकर्ताओं को वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में प्रशक्षिति कर रहा है एमआरयू : डॉ संजय कुमार

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में जारी क्लिनिकल ट्रायल वर्कशॉप के दूसरे दिन का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। एमआरयू के नोडल अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि यह कार्यशाला मल्टीडिसप्लिनिरी रिसर्च यूनिट (एमआरयू) द्वारा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद एवं स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, नई दिल्ली के इंडियन क्लीनिकल ट्रायल एंड एजुकेशन नेटवर्क के सहयोग से आयोजित की जा रही है। आयोजन सचिव डॉ. संजय कुमार नोडल अधिकारी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य युवा शोधकर्ताओं को वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में प्रशक्षिति करना और संस्थान में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान संस्कृति को सशक्त बनाना है। कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल ने कहा कि डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में एमआरयू बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। निदेशक डॉक्टर एसके सिंघल ने कहा कि यह वर्कशॉप न केवल प्रतिभागियों के ज्ञान को समृद्ध करेगी।




### इनकी अहम भूमिका रही

संयुक्त सचिव डॉ. मधु शर्मा, डॉ. नीति मत्तिल एवं डॉ. रितिका अरोड़ा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई। डॉ. रेनू जाखड़ (रिसर्च साइंटस्टि) का योगदान भी उल्लेखनीय और सराहनीय रहा। डॉ संजय ने कहा कि इस वर्कशॉप में एम्स नागपुर से डॉ. पूर्वाशा नारंग, डॉ. सचिन मुम्बारे , डॉ. योगेश बहुरूपी एवं डॉ. शप्रि सोनकुसरे वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। एम्स से डॉ. आरएमपांडे ने नमूना आकार अनुमान और सांख्यिकीय योजना पर वस्तृित जानकारी दी। डॉ. तनु आनंद (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद) ने भारत में चिकत्सिकीय परीक्षणों के नियामक ढांचे पर प्रकाश डाला और वर्तमान नीतियों की व्याख्या की।

**विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया**

## बाबा मस्तनाथ विवि में शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के लाइफ साइंस विभाग द्वारा लाइफ साइंस क्लब के तहत विभिन्न शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और संप्रेषण कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्षों और फैकल्टी सदस्यों के मार्गदर्शन में किया गया, जिनमें विश्वविद्यालय के डीन डॉ. मनोज वर्मा, प्रो. डॉ. रवि राणा, डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. पल्लवी भारद्वाज और डॉ. बृजेश शामिल रहे। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए पोस्टर ऑफ लाइफ साइंस साइंटिस्ट, स्पीच तथा लाइफ साइंस वैज्ञानिकों की बायोग्राफी प्रस्तुति जैसी मुख्य गतिविधियों का आयोजन हुआ। बीएससी, एमएससी, पीएचडी के विद्यार्थियों ने चार्ल्स डार्विन, स्टैनले जैसे विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिकों पर आधारित पोस्टर बनाकर उनका योगदान प्रस्तुत किया। भारत के प्रसिद्ध पक्षी वैज्ञानिक डॉ. बीएमयू में लाइफ साइंस क्लब के विद्यार्थियों की पोस्टर, भाषण और बायोग्राफी की प्रस्तुति सलीम अली, जिन्हें बर्ड मैन ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है, के जीवन, शोध कार्यों और उपलब्धियों पर भी विद्यार्थियों ने विस्तार से चर्चा की। डॉ. विकास भारद्वाज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विज्ञान और जीवन के आपसी संबंधों पर प्रकाश डाला।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## खरकड़ा गांव में नाला निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग करने का आरोप

# नाले का निर्माण कार्य चल रहा, नाले की दीवार गिर गई

■ नाले में गिरने से बछिया की मौत, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

खरकड़ा गांव में दिल्ली हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ साथ गांव के गंदे पानी की निकासी के लिए नाला बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है इस नाला बनाने में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। नाला अभी बनकर तैयार भी नहीं हुआ है, उससे पहले ही नाले की दीवार गिर गई है। पुलिया का निर्माण न किए जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।





महम। दिल्ली हिसार रोड पर खरकड़ा में निर्माणाधीन नाला। काम पूरा होने से पहले ही गिर चुकी नाले की दीवार( इनसेट में) और एकजुट हुए ग्रामीण।

**कई पशु नाले में गिर**

पशुपालकों के कई पशु नाले में गिर चुके हैं। मंगलवार को इस नाले में गिरने से एक बछिया की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारी और ठेकेदार उनकी बात की सुनवाई नहीं कर रहे। अधिकारियों व ठेकेदार के मनमाने रवैए से पशु मर रहे हैं। इस बात से नाराज ग्रामीणों ने ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से नाले के निर्माण में बढ़िया निर्माण सामग्री का प्रयोग किए जाने की मांग की है। कहा है कि यदि घरों के आगे मनुष्यों व पशुओं के निकलने के लिए पुलिया बनाई जानी चाहिएं। ग्रामीणों ने कहा है गांववासी संदीप, कली और कृष्ण कुमार ने बताया कि यह गांव राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा का पैतृक गांव है। समाजसेवी और राजनेता शमशेर खरकड़ा भी इसी गांव के हैं। बावजदू इस गांव की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने बताया कि हाइवे 9 के साथ साथ गांव में नाला निर्माण किया जा रहा है जिसमें घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला निर्माण में काफी अनियमितता हैं वहीं ग्रामीणों की कोई सुनने वाला नहीं है। ग्रामिणों ने कहा कि नाला बनने से पहले ही टूटना शुरू हो गया है। उनके पशु नाले में गिर रहे हैं तथा लोगों को भी अंदर ही कैद हो कर रहना पड़ रहा है।

### बनाने का पैसा मंजूर नहीं

ठेकेदार देवेंद्र ने बताया कि जो नाला बनाया जा रहा है, वह डी प्लान के तहत बनाया जा रहा है। इस नाले के निर्माण पर पांच लाख रुपए खर्च होने हैं। इस टेंडर में पुलिया के पैसे शामिल नहीं थे। दोबारा से एस्टीमेट बनाकर भेजा गया है। तीन चार दिन में ही पैसा मंजूर होने की उम्मीद है। दो तीन पुलिया बनाई जानी हैं, वे जल्द ही बनवा दी जाएंगी।

**डेढ़ लाख से बनाई जाएंगी पुलिया:** पंचायती राज विभाग के जेई रविंद्र ने बताया कि खरकड़ा गांव में नाले के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा। उन्होंने खुद मौके पर जाकर निर्माण सामग्री को चैक किया है। ग्रामीणों की पुलिया बनाने की जो मांग है, वह जायज है। डेढ़ लाख रुपए का एस्टीमेट बनाकर भेजा गया है। पैसा आते ही पुलिया बनवा दी जाएंगी।